भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1284**

जिसका उत्तर सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

## किसान क्रेडिट कार्ड

1284. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में खेत/कृषि आकार श्रेणियों के वर्गीकरण के अनुसार जिला-वार कितने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते खोले गए हैं;

(ख) इस संबंध में विशेषकर परभणी लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों में महाराष्ट्र विशेषकर परभणी लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त योजना के अंतर्गत कितनी निधि आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई है;

(घ) क्या महाराष्ट्र में केसीसी नामांकन को बढ़ावा देने के लिए महिला किसानों और जनजातीय समुदायों के लिए कोई विशेष अभियान चलाया गया है;

(ड.) यदि हां, तो इस संबंध में प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार के पास महाराष्ट्र में केसीसी धारकों को मिलने वाले राज्य-स्तरीय टॉप-अप या अतिरिक्त प्रोत्साहनों सहित ब्याज सब्सिडी योजनाओं के बारे में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (ग):** जैसा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), महाराष्ट्र द्वारा सूचित किया गया है, महाराष्ट्र राज्य और परभणी जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान केसीसी खातों की संख्या और संवितरित राशि का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है। खेत के आकार के आधार पर खोले गए केसीसी खातों का आंकड़ा नहीं रखा जाता है।

**(घ) और (ड.):** अधिकतम किसानों को केसीसी ऋण का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से, फरवरी 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत केसीसी परिपूर्णता अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य 2.5 करोड़ किसानों को केसीसी के अधीन कवर करना और 2 लाख करोड़ रुपये का ऋण देना था। 14 नवंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार, केसीसी परिपूर्णता अभियान के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में 83 लाख केसीसी खाते खोले/नवीनीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन (एएचडीएफ) गतिविधियों में कार्यरत सभी पात्र किसानों तक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लाभों का विस्तार करने के लिए, सरकार ने दिनांक 15.11.2021 से 31.03.2025 तक राष्ट्रव्यापी जिला स्तरीय साप्ताहिक शिविरों का आयोजन किया, जिसके परिणामस्वरूप महाराष्ट्र में 75,747 एएचडीएफ केसीसी खाते खोले गए। इसके अलावा, केसीसी नामांकन को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) शिविरों का आयोजन किया गया।

**(च):** संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत, भारत सरकार किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से 7% प्रति वर्ष की रियायती दर पर 3 लाख रुपये तक (संबद्ध गतिविधियों के मामले में 2 लाख रुपये तक) अल्पकालिक कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए बैंकों को 1.5% की ब्याज अनुदान (आईएस) प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, समय पर पुनर्भुगतान करने पर किसानों को 3% का त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) दिया जाता है, जिससे किसानों के लिए ब्याज दर प्रभावी रूप से 4% तक कम हो जाती है। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार द्वारा अतिरिक्त ब्याज सहायता/पीआरआई भी प्रदान किया जाता है।

केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई संशोधित ब्याज सबवेंशन योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे देश में 17,811.72 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई।

*****

अनुबंध

**“किसान क्रेडिट कार्ड” के संबंध में दिनांक 8.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1284 के भाग (क) और (ग) में उल्लिखित विवरण**

**विगत पांच वित्तीय वर्ष के दौरान परभणी जिला सहित महाराष्ट्र में (जिला-वार) खोले गए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते और संवितरित राशि का ब्यौरा**

**(संख्या वास्तविक में और राशि करोड़ में)**

| क्र.सं. | ज़िला | 2021-2022 | | 2022-2023 | | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2025-2026* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ए/सी | राशि. | ए/सी | राशि. | ए/सी | राशि. | ए/सी | राशि. | ए/सी | राशि. |
| 1 | अहिल्यानगर | 5,42,696 | 4,970 | 5,80,753 | 6,313 | 4,89,709 | 5,579 | 5,14,735 | 5,848 | 3,65,177 | 4,104 |
| 2 | अकोला | 1,30,103 | 1,402 | 1,26,240 | 1,333 | 1,16,638 | 1,273 | 1,07,733 | 1,302 | 78,490 | 962 |
| 3 | अमरावती | 1,41,001 | 1,408 | 1,65,157 | 1,862 | 1,57,448 | 1,922 | 1,47,338 | 2,082 | 93,479 | 1,385 |
| 4 | बीड | 2,23,017 | 1,746 | 2,53,625 | 2,108 | 2,27,602 | 1,957 | 1,89,337 | 1,835 | 1,15,612 | 1,045 |
| 5 | भंडारा | 89,602 | 507 | 1,01,840 | 679 | 1,01,696 | 648 | 1,00,547 | 704 | 91,217 | 594 |
| 6 | बुलढाणा | 1,54,237 | 1,428 | 1,96,897 | 2,007 | 1,58,569 | 1,690 | 1,16,254 | 1,439 | 54,508 | 759 |
| 7 | चंद्रपुर | 88,604 | 710 | 1,13,033 | 984 | 1,09,699 | 996 | 1,04,175 | 1,073 | 96,689 | 1,038 |
| 8 | छत्रपति संभाजीनगर | 2,82,840 | 1,710 | 2,81,652 | 2,127 | 2,68,173 | 2,094 | 2,35,707 | 2,153 | 1,30,409 | 1,208 |
| 9 | धाराशिव | 1,44,626 | 1,228 | 1,66,295 | 1,561 | 1,46,058 | 1,430 | 1,40,319 | 1,508 | 95,831 | 959 |
| 10 | धुले | 67,572 | 756 | 76,845 | 1,074 | 80,552 | 1,083 | 79,944 | 1,208 | 45,727 | 691 |
| 11 | गढ़चिरोली | 31,912 | 152 | 43,427 | 236 | 39,855 | 237 | 38,863 | 267 | 32,591 | 213 |
| 12 | गोंदिया | 52,155 | 299 | 72,761 | 427 | 63,719 | 416 | 60,989 | 452 | 55,988 | 399 |
| 13 | हिंगोली | 1,10,683 | 772 | 1,46,473 | 1,035 | 1,30,465 | 1,013 | 1,16,914 | 895 | 63,558 | 526 |
| 14 | जलगांव | 2,21,497 | 1,735 | 2,77,499 | 2,682 | 2,93,747 | 2,771 | 2,94,617 | 3,466 | 2,14,932 | 2,239 |
| 15 | जालना | 1,64,433 | 1,147 | 2,02,493 | 1,700 | 1,59,947 | 1,299 | 1,26,698 | 1,082 | 86,260 | 652 |
| 16 | कोल्हापुर | 2,57,604 | 2,858 | 2,80,499 | 3,504 | 2,48,633 | 3,061 | 3,55,176 | 3,869 | 1,88,281 | 2,111 |
| 17 | लातूर | 2,91,253 | 1,728 | 3,21,973 | 2,322 | 2,96,093 | 2,691 | 2,72,288 | 2,756 | 2,12,362 | 2,069 |
| 18 | मुंबई शहर | 0 | 0 | 762 | 19 | 1,011 | 25 | 453 | 15 | 557 | 2 |
| 19 | मुंबई उपनगर | 0 | 0 | 1,465 | 27 | 3,396 | 59 | 2,886 | 89 | 522 | 20 |
| 20 | नागपुर | 91,714 | 1,086 | 1,01,302 | 1,190 | 87,526 | 1,192 | 90,513 | 1,551 | 51,302 | 849 |
| 21 | नांदेड़ | 2,07,841 | 1,595 | 2,63,045 | 2,241 | 2,38,899 | 2,221 | 1,96,522 | 2,061 | 1,24,991 | 1,359 |
| 22 | नंदुरबार | 35,609 | 465 | 57,416 | 790 | 45,681 | 813 | 40,292 | 715 | 23,490 | 431 |
| 23 | नासिक | 1,44,009 | 2,903 | 1,64,942 | 3,381 | 1,65,477 | 3,316 | 1,73,214 | 4,250 | 94,274 | 2,123 |
| 24 | पालघर | 19,742 | 158 | 21,844 | 212 | 21,214 | 193 | 23,712 | 332 | 15,395 | 151 |
| 25 | परभणी | 1,72,795 | 1,226 | 1,99,241 | 1,601 | 1,77,757 | 1,487 | 1,56,815 | 1,385 | 87,402 | 833 |
| 26 | पुणे | 3,80,498 | 3,962 | 4,21,564 | 5,080 | 4,07,735 | 5,261 | 4,29,219 | 6,538 | 2,71,738 | 3,608 |
| 27 | रायगढ़ | 45,013 | 238 | 50,999 | 419 | 33,355 | 300 | 43,194 | 587 | 21,107 | 158 |
| 28 | रत्नागिरी | 51,527 | 478 | 86,420 | 641 | 68,904 | 611 | 54,682 | 838 | 50,116 | 463 |
| 29 | सांगली | 2,16,660 | 2,201 | 2,60,070 | 2,850 | 2,52,683 | 2,698 | 2,39,628 | 3,079 | 1,81,335 | 1,668 |
| 30 | सातारा | 3,58,567 | 2,644 | 3,99,851 | 3,062 | 3,74,418 | 3,028 | 3,64,171 | 3,522 | 2,58,582 | 1,957 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 35,453 | 335 | 45,185 | 416 | 44,240 | 414 | 52,465 | 650 | 36,248 | 381 |
| 32 | सोलापुर | 2,26,463 | 3,199 | 2,64,879 | 4,162 | 2,30,156 | 3,954 | 2,69,297 | 4,909 | 1,19,914 | 2,275 |
| 33 | ठाणे | 29,805 | 215 | 46,372 | 335 | 32,777 | 313 | 36,968 | 510 | 21,103 | 173 |
| 34 | वर्धा | 64,604 | 789 | 91,112 | 966 | 75,290 | 913 | 62,350 | 923 | 35,408 | 518 |
| 35 | वाशिम | 1,15,470 | 1,004 | 1,22,116 | 1,173 | 1,18,324 | 1,170 | 95,418 | 1,083 | 72,528 | 835 |
| 36 | यवतमाळ | 2,16,160 | 1,945 | 2,14,959 | 2,250 | 1,91,093 | 2,066 | 1,66,523 | 2,086 | 1,06,179 | 1,324 |

* 30.09.2025 तक संवितरण; स्रोत: एसएलबीसी, महाराष्ट्र